卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 330 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦11 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे दंपत्ति की हादसे में मौत



देवप्रयाग(उद संवाददाता)। बाईक पर केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे दंपति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भल्लेगांव बागवान के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक एक बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक बुरी तरह सवार हो गयी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दस फीट आगे गिर गए। जिसमें दोनों पति–पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए। भेजा समाचार लिखे जाने तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। बताया जाता है कि दंपति हापुड़ से केदारनाथ दर्शन करने जा रहे थे।

## पांच साल की छात्रा से छेड़छाड़ पर कोतवाली में काटा हंगामा

### पुलिस पर लगाया बड़े नेता के पुत्र को बचाने का आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर के एक स्कूल में पांच साल की छात्रा से छेड़छाड़ पर भोटियापड़ाव क्षेत्र के लोग भड़क गये। उन्होनें कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया और आरोपी को जल्द गिरफ्तार नहीं करने पर कोतवाली घेरने की चेतावनी दी। हंगामा कर रहे लोगों ने पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप भी लगाया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम पीड़िता की मां व दर्जनों महिलाएं और पुरुष कोतवाली पहुंचे। उनके साथ कई कांग्रेसी भी थे। गुस्साए लोगों ने कोतवाली में हंगामा किया। इस दौरान गुस्साए लोगों की पुलिस से नोक झोंक भी। लोगों का कहना था कि इस मामले में एक पार्टी के बड़े नेता का बेटा शामिल है, इसलिए पुलिस उसे बचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस व बाल कल्याण समिति के समक्ष पीड़िता ने दो बार बयान दे दिए हैं, लेकिन उसे अभी तक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश नहीं किया गया है। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपी को जल्द नहीं पकड़ा गया तो वह कोतवाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिकायत पर पुलिस ने बंद कराया जागरण

### पुलिस की कार्रवाई से लोगों में रोष

नानकमत्ता(उदसंवाददाता)। गणेश चतुर्थी पर आयोंजित जागरण में पुलिस ने ऐसा खलल डाला कि बिना आरती के जागरण बंद करना पड़ा। आरोप है कि पुलिस जूते पहनकर गणेश जी के पूजा स्थल पर पहुंची और जागरण बंद न करने पर आयोंजकों को मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। जिससे क्षेत्रवासियों में पुलिस के खिलाफ खासा आकोश है। गौरतलब है कि मंगलवार की रात्रि नगर के दहला रोड पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जागरण का आयोजन किया था। जागरण में डीजे बजने की शिकायत पर हल्का इंचार्ज शंकर सिंह विष्ट व अपर उप निरिक्षक हरीश सिंह मय पुलिस फोर्स के जागरण स्थल पर पहुंच गए और आयोंजक से जागरण व डीजे बंद करने को कहा। आयोजकों ने कुछ समय मांगते हुये आरती होने के पश्चात जागरण समाप्त करने की बात कही। लेकिन पुलिस कुछ देर बाद फिर जागरण स्थल पर पहुंच गई। आरोप है कि पुलिस कर्मी आयोंजकों को धमकाते हुये जूते पहने हुए जागरण के पूजा स्थल पर पहुंच गये और डीजे संचालक को धमकाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार की टक्कर से मामा भांजे की मौत,दो गंभीर





रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलभट्टा थाना के ग्राम बरा में अनियंत्रित कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। एक बाइक में सवार मामा भांजे की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें हायर सैंटर रैफर किया गया। कार चालक नशे की हालत में था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवरनिया थाना अमरिया पीलीभीत निवासी करीब 30 वर्षीय साजिद खान पुत्र नासिर खान की किच्छा में वेल्डिंग की दुकान है जहां वह अपने पिता के साथ काम करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि साजिद अपने 16 वर्षीय भांजे ग्राम दौना बरेली निवासी शराफत पुत्र अबरार के साथ बाईक संख्या यूपी 26 वाई 3154 (शेष पृष्ठ सात पर)

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से भोगपुर डाम तीरनगर बरी आंवला जसपुर निवासी एक महिला ने ट्रांजिट कैम्प थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके क्षेत्र के ही रहने वाले वीर पाल पुत्र सतनाम सिंह ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक नेहा ध्यानी को सौंपी गयी है।

## एसएसपी ने आधी रात को किया कोतवाली का निरीक्षण



किच्छा(उद संवाददाता)। जिले के नये कप्तान मणिकांत मिश्रा अपराध तथा अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए स्वयं मैदान में उतर पड़े हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने देर रात्रि किच्छा में क्षेत्र का भ्रमण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही कोतवाली का निरीक्षण भी किया। रात्रि करीब एक बजे एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने किच्छा पहुंचकर पुलिस ड्यूटी को चैक किया। उन्होंने रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। एसएसपी ने कोतवाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधितों को अपराध तथा अपराधियों तथा अवैध नशा/ नशा तस्करों से सख्ती से निपटने तथा धरपकड़ हेतु कार्यवाहियां तेज करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सभी गतिविधियों पर पुलिस को पैनी नजर रखने के लिए भी कहा । उन्होंने कहा कि पुलिस को 24 घंटे चौकन्ना रहना होगा। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही कहा कि पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें। जो जिम्मेवारी दी गयी है उसका निष्ठा से पालन करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लोगों से भी अपील की है कि क्षेत्र में बेहतर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद पुलिस का सहयोग करें तथा नियमों का पालन करें।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर।किशोरी को बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर उससे दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक शहर की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसकी 14 वर्षीय पुत्री को दो दिन पहले रात को फाजलपुर महरौला निवासी नीरज ठाकुर बहला फुसलाकर अपने घर ले गया था। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पुत्री काफी देर तक घर में नहीं मिली तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी। इस दौरान पता चला कि वह नीरज के घर पर है। परिजन वहां पहुंचे तो किशोरी ने परिजनों को बताया कि नीरज ठाकुर ने उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। विवेचना महिला एसआई नेहा राणा कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसआई दीपक कौशिक ने बताया कि आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## तीन किलो चरस समेत एक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने एक वाहन से 3.014 किलोग्राम चरस बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही है। एसआई मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ गौलापार क्षेत्र में चेकिंग पर थे, जब वह खेड़ा चौकी के पास पहुंचे तो वहां पर एक संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस को देखकर कार चालक ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोल्डन एजेन्सी पर धमाका सेल का ग्राहक उठा रहे लाभ

### 15 सितम्बर तक कंपनियों के कूकर और क्राकरी में 50 प्रतिशत छूट



रूद्रपुर। बर्तनों एवं क्राकरी के सामान में 50 प्रतिशत तक की मिल रही भारी छूट का ग्राहक जमकर लाभ उठा रहे है। गोल्डन एजेन्सी के नये पते नैनीताल रोड़ पर सिद्धू पैलेस वाली गली आवास विकास में तीन मंजिला शो रूम में खरीदारी करने वालों का तांता लगा हुआ है। गोल्डन एजेन्सी के स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि कम्पनी के कूकर और क्राकरी के सामान पर पिछले 1 सितम्बर से बम्पर धमाका सेल चल रही है। आगामी 15 सितम्बर तक चलने वाली इस सेल में हॉकिंन्स, युनाईटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45 प्रतिशत तक की भारी छूट प्रदान की जा रहा ही। जो कम्पनियों से भी कम रेटों पर है। श्री अरोरा ने बताया कि इसके अतिरिक्त बोरोसिल, मिल्टन सहित कई प्रतिष्ठित कम्पनियों की बोटल्स, कप प्लेट सहित अन्य क्राक्ररी के सामान पर भारी छूट दी जा रही है। गोल्डन एजेन्सी के स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि इस बम्पर धमाका सेल में ग्राहकों को हर कम्पनी का माल कम्पनी के मूल्यों से भी कम दामों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर प्रकार की खरीददारी पर भारी छूट पाने के लिए गोल्डन एजेन्सी में आकर इसका लाभ उठायें।(Advt.)

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर
तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर

# सीएम धामी से मिले प्रसून जोशी और अनुपम खेर

## उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों को देश दुनिया में मिलेगी नई पहचान

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रसून जोशी तथा बॉलीवुड अभिनेता श्री अनुपम खेर ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में फिल्म निर्माण एवं फिल्मांकन से संबंधित विभिन्न विषयों तथा प्रदेश में फिल्म निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है विभिन्न सुविधाओं पर चर्चा की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2024 की फिल्म नीति को मंजूरी दिये जाने के बाद राज्य के पर्यटन स्थलों को देश दुनिया में नई पहचान मिलेगी। नई फिल्म नीति के तहत स्थानीय फिल्मों के लिए 2 करोड़ का अनुदान दिया जा रहा है। फिल्मांकन के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है ताकि फिल्म निर्माताओं को सुविधा मिले।उन्होंने कहा कि फिल्मों और ओटीटी की शूटिंग पर भी सब्सिडी दी जा रही है। सरकार द्वारा फिल्म उद्योग को उत्साहित करने के लिए कई अन्य योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कलाकार अपनी प्रतिभा के बल पर फिल्म जगत में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सके इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी 2024 से अभी तक उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के ऑनलाइन अनुमति सिंगल विंडो सिस्टम के द्वारा मात्र 8 महीनों में 150 से भी अधिक शूटिंग की अनुमतियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के संरक्षित वन क्षेत्र को छोड़कर उत्तराखण्ड सरकार के अधीन आने वाले विभाग फिल्म शूटिंग के लिए कोई शुल्क नहीं लेंगे ऐसा फिल्म पॉलिसी में प्रावधान किया गया है।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 में प्रादेशिक भाषा की फिल्मों के लिए फिल्म प्रोडक्शन पर प्रदेश में किए गये व्यय का 50 प्रतिशत तक सब्सिडी या अधिकतम 2 करोड़ तक और हिन्दी और भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में आने वाली भाषाओं के लिये फिल्म प्रोडक्शन पर प्रदेश में किए गये व्यय का 30 प्रतिशत या अधिकतम 3 करोड़ तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है।इस दौरान अभिनेता श्री अनुपम खेर ने उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सरल शूटिंग अनुमति की प्रक्रिया को सराहते हुए शूटिंग के लिए प्रदेश को संपूर्ण रूप से फिल्मकारों के लिए एक फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन बताया।



# डीएम ने सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड के बीच क्षतिग्रस्त मार्ग का जायजा लिया

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सौरभ गहरवार ने गत दिवस श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड के बीच क्षतिग्रस्त मार्ग एवं भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान श्री सौरभ गहरवार ने पुलिस प्रशासन सहित यात्रा व्यवस्थाओं में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य कर्मचारियों को यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को भूस्खलन प्रभावित



क्षेत्र के ट्रीटमेंट एवं यातायात सुचारू करने के लिए ठोस रणनीति बनाने के भी निर्देश दिए। सोनप्रयाग में हुई अतिवृष्टि के कारण पुलिस अधीक्षक श्री अक्षय कोंडे ने यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड की ओर तथा गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर शाम 05 बजे के बाद जाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। श्री अक्षय कोंडे ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग व प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी गौरीकुण्ड को यात्रा संचालित रखने एवं रोकने के लिए विवेकानुसार कार्य करने के निर्देश भी दिए।

# मुख्य सचिव ने की अटल भूजल योजना की समीक्षा

## जल संकटग्रस्त जनपदों चम्पावत, हरिद्वार व उधमसिंह नगर में भूजल प्रबंधन के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश, डिजिटल वाटर लेवल रिकॉर्डर लगेंगे

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में अटल भूजल योजना से सम्बन्धित बैठक की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने अटल भूजल योजना के तहत राज्य के तीन जल संकटग्रस्त जनपदों चम्पावत, हरिद्वार व उधमसिंह नगर में जल बजटिंग व कार्यक्रम के स्थानीय स्तर पर कार्यान्वयन की देखरेख और विभिन्न राज्य एजेंसियों के बीच भूजल प्रबंधन के लिए समन्वय हेतु स्टेट लेवल स्टीयरिंग कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने कमेटी में लघु सिचाई विभाग को नोडल विभाग बनाते हुए पेयजल व स्वच्छता, शहरी विकास, शहरी विकास, पंचायती राज, सिचाई, ग्राम्य विकास विभाग व स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमेटी को कार्यक्रम की नियमित रूप से मासिक समीक्षा के भी निर्देश दिए। सीएस ने नोडल विभाग को स्थानीय निकायों के स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स नामित करने तथा उनके प्रशिक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। यह मास्टर ट्रेनर वाटर प्लान व बजटिंग बनाने में सहायता करेंगे। उन्होंने जल संकटग्रस्त जनपदों चम्पावत, हरिद्वार व उधमसिंह नगर में अटल भूजल योजना के तहत कैच द रैन, अमृतसरोवर, स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण की गतिविधियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलों में समुदायों और पंचायतों की विभिन्न गतिविधियों जैसे वाटर यूजर एसोसिएशन का गठन/मजबूती, भूजल आंकड़ों की निगरानी और प्रसार, जल बजट और ग्राम पंचायतवार जल सुरक्षा योजनाओं (डब्ल्यूएसपी) की तैयारी और उनके कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी हेतु निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अटल भूजल योजना का एक मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर व्यवहार में बदलाव लाना है। इसके लिए जल बजट और वाटर सिक्योरिटी प्लान तैयार करते समय जल उपलब्धता और उपयोग जैसे जल संबंधी डेटा का उपयोग किया जाएगा। ये योजनाएँ सामुदायिक भागीदारी से तैयार की जाएंगी और योजना में इस्तेमाल किए गए डेटा को पूरे समुदाय तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संबंधी डेटा को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल वाटर लेवल रिकॉर्डर (डीडब्ल्य ूएलआर), वाटर लेवल साउंडर, रेन गेज, वाटर फ्लो मीटर जैसे विभिन्न उपकरण लगाए जाएंगे। इसके अलावा, भारत सरकार राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत सतही और भूजल दोनों के लिए विभिन्न रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली (आरटीडीएएस) भी स्थापित कर रही है। इस दौरान बैठक में सचिव श्री शैलेश बगौली सहित पंचायती राज, पेयजल, शहरी विकास, सिचाई, लघु सिचाई, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरेपी को पांच वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि काशीपुर क्षेत्र की एक महिला ने 25-11-2022 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को स्कूल आते जाते एक युवक पीछा कर छेड़खानी करता है कई बार उसे मना किया पर वह नहीं माना ।आज शाम करीब साढ़े चार बजे जब बेटी स्कूल से घर लौट रही थी तो आरोपी ने उसे पकड़ कर छेड़खानी करनी शुरू कर दी लड़की ने शोर मचाया तो लोगों को आते देख युवक वहाँ से भाग गया ।लड़की ने घर पर आकर बताया तो वह रिपोर्ट करने आयी है ।पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी बादल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी धमोरा अहलमाली मुकुंदपुर थाना आईटीआई को धर दबोचा ।आरोपी के विरूद्ध पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट में मुकध्दमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 5 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद मंगलवार को पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने आरोपी बादल सिंह को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी उन्होंने कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 10 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में मिलेंगे साथ ही राज्य सरकार को पीड़िता को क्षतिपूर्ति मुआवजे के रूप में 20 हजार रुपये देने को कहा है ।

# समन्वय समिति की बैठक में कांग्रेस के दिग्गजों ने किया मंथन





## केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा कल से फिर शुरू होगी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आगामी चुनावों के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पार्टी एकजुट होकर नगर निकाय चुनाव और केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर देगी। प्रभारी और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। समन्वय समिति की बैठक में केदारनाथ उपचुनाव में प्रत्याशी के चयन के विषय को लेकर हरीश रावत और करन माहरा के बीच वार-पलटवार भी देखने को मिला है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी सुरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में प्रदेश समन्वय समिति की प्रदेश में होने वाले निकाय एवं पंचायत तथा केदारनाथ उपचुनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बाया कि बैठक में प्रदेश सहप्रभारी सुरेंद्र शर्मा को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही उन्हें अवगत कराया गया कि कठिन समय में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी से कार्य किया है, जिसका उदाहरण बद्रीनाथ और मंगलौर के उपचुनावों में मिली सफलता है। इसी जोश और उमंग के साथ कांग्रेस पार्टी निकाय चुनाव और केदारनाथ उपचुनाव में भी जीत हासिल करेगी। बैठक में पूर्व सीएम हरीश रावत,गोविंद सिंह कुंजवाल, हरक सिंह रावत, तिलक राज बेहड़, भवन कापड़ी, प्रीतम सिंह, प्रदीप टम्टा, सुमिततर भुल्लर सहित प्रदेश कांग्रेस के कई पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि केदारनाथ धाम के नाम से दिल्ली में मंदिर का शिलान्यास और श्री केदारनाथ धाम मंदिर ट्रस्ट के नाम से वसूली करने के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में 24 जुलाई 2024 को हरकी पैड़ी से केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा शुरू की थी। लेकिन 31 जुलाई को केदारघाटी में आई आपदा को देखते हुए कांग्रेस ने सीतापुर में यात्रा स्थगित कर दी। 12 सितंबर को सीतापुर से यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा। 13 सितंबर को केदारनाथ धाम में पूजा- अर्चना व जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा में प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा समेत प्रदेश के वरिष्ठ नेता व पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे।




## कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कन माहरा ने बुधवार को उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधि मंडल के साथ महामहिम राज्यपाल ले. जन. गुरमीत सिंह से राजभवन में मुलाकात कर उन्हें राज्य में घटित विभिन्न घटनाओं के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भाजपा सरकार के विगत ढाई वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं पर हुए अत्याचार, बलात्कार एवं हत्या की घटनाओं को राज्यपाल के संज्ञान में लाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। उत्तराखण्ड सरकार के कृषि मंत्री गणेश जोशी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों के मामले में विशेष न्यायाधीश (सतर्कता) मनीष मिश्रा की अदालत द्वारा मुकदमा चलाये जाने अनुमति के निर्देश पर कार्रवाई करने एवं रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई सतीश नैनवाल द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर की जा रही हथियारों की तस्करी की जांच एनआईए से कराये जाने एवं जनपद हरिद्वार के सोहलपुर निवासी तसलीम नामक व्यक्ति की पुलिस द्वारा पिटाई किये जाने एवं पानी में डुबोकर मारने की घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## हरिद्वार में डकैती के खुलासे को लेकर हरदा करेंगे पदयात्रा

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने शोसल मीडिया के जरिये साझा की गई एक पोस्ट में बताया है कि राज्य के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति किस हाल में पहुंच गई है इसकी वानगी हरिद्वार शहर में सबसे व्यस्ततम स्थान रानीपुर मोड़ पर स्थित ज्वैलरी शोरूम में दिनदहाड़े पड़ी डकैती उसका उदाहरण है। डकैत आए, माल लूटकर के टहलते हुए निकल गये, कोई चेहरा ढककर के नहीं गये खुले चेहरों के साथ गये ताकि कहें तुम दम है तो पकड़कर के दिखाओ और अभी तक उस डकैती का कोई खुलासा नहीं हुआ है, न डकैत पकड़े गए हैं, न माल बरामद हुआ है। मैंने तय किया है कि दिनांक-12 सितंबर, 2024 को प्रात: 1130 बजे चंद्राचार्य चौक हरिद्वार में 15 मिनट का मौन व्रत रखूंगा और फिर चंद्राचार्य चौक से रानीपुर मोड़ अर्थात परशुराम चौक तक अपने साथियों के साथ पदयात्रा कर कानून व्यवस्था की गिरी हुई स्थिति के प्रति अपना और अपने सहयोगी-साथियों और अपनी पार्टी का आक्रोश व्यक्त करूंगा।

# हाईवे पर फुट ओवर ब्रिज जल्द बनाने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में उद्योगों को शांतिपूर्ण माहौल व बढ़ावा देने हेतु हर सम्भव सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी, यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों के विकास तथा संरक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे तथा सभी सुविधाएं प्राथमिकता से मुहैया कराई जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों से सम्बन्धित कार्यों तथा समस्याओं का व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये।जिलाधिकारी ने पूर्व में आयोजित बैठक के सभी बिन्दुओं पर आ रही समस्यओं को लेकर विस्तृत चर्चा कर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने काफी समय से लंबित उद्योगों की समस्याओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की साथ ही निर्देश दिये की ऐसे कार्य जो कि शासन स्तर पर लंबित है उनके लिए पुन: स्मारक पत्र भेजा जाए व अपने स्तर पर लंबित कार्यों की समय सीमा तय तय कर उन्हें ससमय संपादित किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्योगों की प्रगति ही प्रदेश की प्रगति है। उन्होंने आरएम सिडकुल को निर्देश दिये कि औद्यौगिक क्षेत्रों में सड़कों को बरसात के बाद गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें। उद्यमियों द्वारा नवीनीकृत हो चुके मैथनॉल लाईसेन्स की वैद्यता 05 वर्ष करने के अनुरोध पर जिला अधिकारी ने शासन द्वारा जारी नोटिफिकेशन का विश्लेषण कर अवगत कराने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने पारले चौक, ब्रिटानिया चौक व मैट्रो पोलिस मॉल के पास फुट ओवर ब्रिज बनाने का कार्य अभी



तक शुरू ने किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज फेज-2 में विद्युत आपूर्ति हेतु नए सब स्टेशन निर्माण में देरी व लापरवाही करने पर अधिशासी अभियन्ता यूपीआरएनएन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश महाप्रबंधक उद्योग को दियैं काशीपुर में मुरादाबाद रोड़ पर स्वीकृत 132 के0वी0 सब विद्युत सब स्टेशन के संबंध में उप जिलाधिकारी की आख्या मुरादाबाद सड़क पर भूमि नहीं उपलब्ध होने पर जिलाधिकारी ने विद्युत सब स्टेशन को महत्वपूर्ण बताते हुए निजी भूमि तलाशने के निर्देश दिये। बैठक में उद्यामियों द्वारा सिडकुल परिसर में दुकानों एवं शोचालयों के आबंटन का अनुरोध किया जिस पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि सिडकुल में निर्मित दुकानें संगठित रूप से नहीं बनी है जिससे भूमि का सदउपयोग नहीं हो पा रहा है, दुकानदारों से वार्ता कर दुकानों के स्थान पर सुनियोजित रूप से कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उद्यामियों द्वारा औद्योगिक आस्थांन सिडकुल सितारगंज में सड़क किनारे अवैध कब्जा कर छोटी-छोटी दुकाने बनाई गई है जिससे कर्मचारी व वाहनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, एसीएमओ डॉ डीपी सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नरेश गोस्वामी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार,एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, निखिल शर्मा, आरएम सिडकुल कमल कफल्टिया, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, सहित अनेक उद्यमि व अधिकारी उपस्थित थे।

# बाल अपराधों पर सख्ती से लगायें अंकुश: गीता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अध्यक्ष उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 गीता खन्ना ने विकास भवन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाल अपराधों पर अकुंश लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि टीम बनाकर स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी को सभी स्कूल में चाईल्ड हेल्प लाईन (1098), विशेष पुलिस इकाई (112), बाल कल्याण समिति, पीटीए के नम्बर चस्पा करने के निर्देश दिए तथा स्कूल में सार्वजनिक स्थान पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने सभी रेखीय विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। डॉ0 खन्ना ने चिकित्सा विभाग को आरवीएसके टीम के माध्यम से स्कूल में निरन्तर काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए गये। उन्होने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को अपंजीकृत मदरसों की सूची आयोग को 1 सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने सभी को कार्यों के प्रति संवेदन शील रहते हुए, कार्य करने हेतु निर्देश दिये। नशा मुक्ति, बाल संरक्षण हेतु समस्त विद्यालयों में प्रहरी क्लब के गठन हेतु निर्देशित किया गया, तथा बाल संरक्षण तथा पोक्सो अधिनियम पर प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षण कराने हेतु निर्देश दिए गए। इसके साथ-साथ बालकों को पोक्सो अधिनियम तथा गुड टच, बेड टच जैसे विषय पर संवेदीकरण कराने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी अधिकारी क्लेक्ट्रेट डा० अमृता शर्मा, सीओ निहारिका तोमर, एसीएमओ डा० हरेन्द्र मलिक, हरेन्द्र मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक), मुकुल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अमन अनिरूद्ध जिला समाल कल्याण अधिकारी, व्योमा जैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुष्पा पानू सदस्य बाल कल्याण समिति, विवेक तागरा, सदस्य बाल कल्याण समिति, हरनीत कौर, सदस्य बाल कल्याण समिति, बलराम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी आदि मौजूद थे।



# जेसीज स्कूल की पूर्व छात्रा राशि बुधलाकोटी ने साझा किये अनुभव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीज पब्लिक स्कूल की होनहार और प्रतिभाशाली छात्रा राशि बुधलाकोटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक सेवा आयोग की परीक्षा शानदार अंकों से उत्तीर्ण की। उन्हें उप शिक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। राशि बुधलाकोटी ने वर्ष 2013 में इंटरमीडिएट की परीक्षा जेसीज से उत्तीर्ण की



और उसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र ऑनर्स में स्नातक तथा लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। साथ ही साथ वह लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी करती रहीं। उन्हें निरंतर परिश्रम और लगन से सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। राशि ने विद्यालय आकर विद्यार्थियों से बात की और उनसे अपने अनुभव साझा किए।

# ज्ञान गंगोत्री लाइब्रेरी एवं सेल्फ स्टडी सेंटर का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास वार्ड नंबर 5 महेंद्र कॉलोनी रोड,रेड रोज पब्लिक स्कूल के पीछे नव प्रतिष्ठान ज्ञान गंगोत्री लाइब्रेरी एवं सेल्फ




स्टडी सेंटर का शुभारंभ माता कैलाश देवी जी,ु ख शांति नगर, पूर्व ग्राम प्रधान मनोहर प्रकाश एवं पूर्व सभासद मनोज गुंबर द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व पंडित भीष्म दत्त शर्मा सरदार नगर वालों द्वारा हवन एवं मंत्र उच्चारण के उपरांत प्रार्थना करके ज्ञान गंगोत्री लाइब्रेरी एवं सेल्फ स्टडी सेंटर की समृद्धि एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ज्ञान गंगोत्री के ऑर्गेनाइजर डायरेक्टर चंद्रपाल सक्सेना ने बताया कि उनके नव प्रतिष्ठान ज्ञान गंगोत्री में 150 विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था, फ्री हाई स्पीड वाई-फाई ,लड़के लड़कियों के लिए अलग-अलग केबिन की व्यवस्था, सुविधानुसार शिफ्ट की व्यवस्था, निशुल्क कैरियर परामर्श दाताओं द्वारा परामर्श, सेल्फ स्टडी के लिए प्रेरणादाई और प्रतिस्पर्धी वातावरण की सुविधा उपलब्ध है।उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु पहले आने वाले 50 विद्यार्थियों के लिए शुल्क में 20% छूट दी जाएगी। इस मौके पर चंद्रपाल सक्सेना, रेणू सक्सेना, पूजा श्रीवास्तव, बरखा श्रीवास्तव, नेहा सक्सैना, नैंसी सक्सेना ,प्राजंलि श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव ,कंचन पलड़िया, भावना शर्मा ,छाया आनंद, निशा, मधुर श्रीवास्तव ,यश आनंद ,सलिल श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव ,शिवम सक्सेना, अविनाश मिश्रा, जसपाल डोगरा, देवेंद्र सिंघ आदि ने शुभकामनाएं प्रदान की।

# अल्मोड़ा के डीएम आलोक कुमार ने कार्यभार संभाला

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिले के नवागंतुक जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने कलैक्ट्रेट पंहुचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक कुमार पांडे पद ग्रहण करने से पूर्व अपर सचिव सहकारिता, पंचायतीराज, निबंधक सहकारिता एवं निदेशक स्वजल के पद पर कार्यरत थे। कलैक्ट्रेट पंहुचने पर जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इस दौरान अपरजिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी एवं अन्य ने नव नियुक्त जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने कलैक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया और सम्बन्धित पटल सहायकों से जानकारी ली निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायत कक्ष, भूमि अध्यापित कक्ष, जिला विकास प्राधिकारण, आपदा कन्ट्रोल रूम, स्टाम्प कक्ष, जनाधार कक्ष, भूमि अभिलेख कक्ष, अभिलेखाकार राजस्व अभिलेख एवं निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य पटलों का निरीक्षण कियाइसके बाद कोषागार पंहुचकर उन्होने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया वहां उन्होने कोषागार का गहनता से डबल लॉक, सिंगल लॉक आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात नवागंतुक जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्टाफ के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होने कलैक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि उनके पास कम से कम फाइलें लम्बित रहे इसका विशेष ध्यान रखें। दैनिक कार्यों के साथ जनता की छोटी सी छोटी समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया जाए उन्हें अनावश्यक यहां वहां न भटकना पडे इस पर भी ध्यान दिया जाए। फाइलों का निस्तारण समयबद्व व गुणवत्तापूर्ण हो। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने चितई पहुंचकर गोलू देवता मंदिर में पूजा अर्चना की तथा गोलू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर जनपद वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।



# राज्य स्तरीय खेलों के लिए बनाई रूपरेखा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य में राज्य स्तरीय पांचवे खेल 2024 का आयोजन जनपद में किया जा रहा है। खेलों के सुचारू संपादन की रूपरेखा बनाए जाने हेतु जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दी गई जिम्मेदरियों को पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करने के निर्देश दिये ।उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय खेलों के सफल आयोजन हेतु एक मुख्य समिति व नौ उपसमितियों का गठन किया गया है। जिसपर जिलाधिकारी ने स्वच्छता समिति व प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया समिति भी बनाये जाने के निर्देश दिये साथ ही खिलाड़ियों की सहायतार्थ कॉन्टेक्ट एडवाइजरी भी जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने मेडिकल सुविधा के लिए अलग से वार्ड बनाने तथा सभी क्रीड़ा स्थलों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस तैनात करने के निर्देश चिकित्सा समिति को दिये। उन्होंने भोजन व आवास व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने व उचित प्रबंधन करने के निर्देश समितियों को दिये। जिलाधिकारी ने ग्राउंड समिति को सभी खेलों के कोच को लेकर क्रीड़ा स्थलों का परीक्षण कराने व प्रतिदिन रिर्पोटिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय खेलों के आयोजन में हमें अपना बेहतर प्रदर्शन देना है। आगामी वर्ष में 38वें राष्ट्रीय खेल भी राज्य में आयोजित होंगे। हमारे प्रदर्शन से यह परिलक्षित होना चाहिए कि हम इन सभी खेलों के सफल संपादन में सक्षम है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सुझाव दिए गए। जिलाधिकारी ने सुझावों को सम्मिलित करते हुए सभी कार्यों को पूर्ण कर 16 सितंबर को पुन: बैठक में रिपोर्ट करने के निर्देश समितियों को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, वी0सी जिला स्तरीय विकास प्रधिकरण जय किशन, पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी पंकज शुक्ल, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी के0एस0 रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बी0एस0 रावत, राज्य ओलंपिक एसो से डीके सिंह आदि उपस्थित थे।




KRIBHCO KRIBHCO

## कृषक भारती कोऑपरेटिव लि०

बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर

कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) की बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर के किच्छा स्थित गोदाम से प्रमाणित गेहूं बीज की 40 किलोग्राम की पैकिंग में लगभग 11500.00 कुन्तल मात्रा बिहार राज्य के विभिन्न जनपदों में स्थित बिक्री केंद्रों को प्रेषित किया जाना है। जनपदवार प्रस्तावित परिवहन की जाने वाली मात्रा का विवरण टेंडर फॉर्म के साथ संलग्न है। निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 29.09.2024 तक कृभको के स्थानीय फील्ड ऑफिसर के कार्यालय-सह आवास के पते F-159, ग्रीन पार्क, रुद्रपुर से निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। समस्त इच्छुक परिवहन ठेकेदार जो जी० एस० टी० में पंजीकृत हों, अपनी बीज परिवहन दरें किच्छा से गंतव्य स्थानों के लिए रुपये प्रति कुन्तल में निर्धारित निविदा प्रपत्र, जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर किसी भी कार्य दिवस में कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 30.09.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे निविदा के साथ धरोहर धनराशि रु. 30,000.00 को RTGS/NEFT/IMPS/DD के माध्यम से निविदा प्रारूप में अंकित कृभको के बैंक खाते में हस्तांतरित करने होंगे। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा उसी दिन दिनांक 30.09.2024 समय दोपहर 12:30 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

**श्री रमेश कुमार**
मु० राज्य विपणन प्रबंधक
कृभको 30, आकाशदीप कॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फोन न. 0135-253929

# ऐतिहासिक कोट भ्रामरी मेले का हुआ भव्य आगाज

## केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने किया मेले का शुभारंभ,विधायक दास सहित डीएम और एसपी ने लिया आशीर्वाद

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कत्यूर घाटी की कुल देवी मानी जाने वाली मां कोट भ्रामरी मंदिर में ऐतिहासिक एवं पौराणिक नंदाष्टमी मेले कारंगारंग भक्तिमय आगाज हो गया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय की कुल देवी कोट भ्रामरी नंदाष्टमी मेले का आगाज हो गया है। दो दिवसीय मेले का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास व ब्लॉक प्रमुख मूर्ति का अनावरण किया। बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कत्यूर घाटी के कोट भ्रामरी नंदाष्टमी मेले को कुमाऊं व गढ़वाल के सांस्कृतिक रिश्तों की डोर बताते हुए कहा कि मां कोट भ्रामरी का पवित्र स्थान है। माँ भ्रामरी की और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेले हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं एवं इन मेलों के माध्यम से ही नई पीढ़ी अपनी विरासत से जुड़ती है। यह मेले लोक कलाकारों को भी मंच प्रदान करते हैं।वही आने वाले समय मे प्रदेश है। वही क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास ने कहा कि मेला अत्यंत पौराणिक है, मेले से लोगों में परस्पर भाईचारा और अपनत्व और देवी माता के प्रति आस्था बढ़ती है। डीएम आशीष भटगाई ने कहा कि मेला सँस्कृति को सजोए रखने का माध्यम है। भटगांई,एसपी चन्द्रशेखर आर घोडके सीडीओ आरसी तिवारी, मेलाधिकारी व ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहुमी, जेसी आर्या,








टम्टा ने दो दिवसीय मेले का विधिवत उद्घाटन किया, उद्घाटन के दौरान दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट,विधायक पार्वती दास व ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट, मेला कमेटी संरक्षक पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण,जिलाधिकारी आशीष भटगाई, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कत्यूर घाटी हेमा बिष्ट ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चों व सांस्कृतिक टीमों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री ने कोट भ्रामरी मंदिर के निकट संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबडेकर की कृपा से यह क्षेत्र बेहद संपन्न और समृद्ध है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से मेला समिति नंदाष्टमी मेले का सफल आयोजन कर रही है। टम्टा ने कहा कि डंगोली में आयोजित होने वाला यह मेला हमारी संस्कृति का प्रमुख मेला है। कत्यूर घाटी का यह मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक सहित जिले की सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है, जल्द प्रमुख मोटर मार्गो का चौड़ीकरण कर जिले की प्रमुख मोटर मार्ग को डबल लाइन किया जाएगा। दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने सभी को नंदाष्टमी मेले की शुभकामनाएं देते कहा कि कोट भ्रामरी मेला हमारी लोक संस्कृति,आस्था और परंपराओं का संगम मेले के माध्यम से धार्मिक सांस्कृतिक, व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,उन्होंने जिले के विकास के लिए पारदर्शिता से आमजन के हितों के लिए कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताते हुए जिले को प्रदेश का उत्कृष्ट जिला बनाने के लिए सभी लोगों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर डीएम आशीष जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह किरमोलिया, सुनीता आर्या, डी पी जोशी, जयेष्ठ प्रमुख बहादुर सिंह कोरंगा, मडंल अध्यक्ष भाजपा हरीश रावत, कांग्रेस गिरीश कोरंगा, लक्ष्मण आर्या, अक्कू रावत, राजू नेगी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रशेखर बड़सीला, और देवेंद्र दोसाद ने किया।

# उत्तराखण्ड में न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों को मजबूत कर रही सरकार : धामी

## सीएम ने किया देहरादून में बार एसोसिएशन देहरादून के नवीन भवन का शिलान्यास

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को न्यायिक परिसर (पुरानी जेल) देहरादून में बार एसोसिएशन देहरादून के नवीन भवन का शिलान्यास और भूमि अनवरत रूप से किया जा रहा है। पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 8000 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अंग्रेजों के जमाने के तमाम यहां पर कुल साढ़े पांच हजार से ज्यादा लोग कार्यरत हैं, इसलिए सभी की समस्याओं को समझते हुए पांच बीघा जमीन बार एसोसिएशन देहरादून को देने का निर्णय लिया गया। मुझे खुशी है कि इस जमीन आज देश भर में उत्तराखण्ड की पहचान एक अनुशासित और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस रखने वाले राज्य के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में 09 नवम्बर 2024 से पहले समान नागरिक संहिता लागू की





पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी अधिवक्तागणों को नए चैम्बर भवन के शिलान्यास की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सहित पूरे देश में न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों को मजबूत करने का काम कानूनों को हटाकर आज की नई आवश्यकता के अनुसार नए कानूनों को लागू किया है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को भी मजबूत सबूत के रूप में मान्यता मिली है, जो कि आज की डिजिटल क्रांति के समय में अहम है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पर 1500 चौम्बर, एक ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, कैंटीन, पार्किंग से भरपूर नौ मंजिला भवन का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नकल विरोधी कानून के अलावा धर्मांतरण कानून, दंगा रोधी आदि कानूनों को लागू किया है। इनके लागू हो जाने से जायेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल,विधायक खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, श्रीमती सविता कपूर, जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव राजवीर सिंह बिष्ट और अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# सम्पर्क फाउंडेशन के चेयरमैन विनीत नायर ने की सीएम से भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शासकीय आवास में सम्पर्क फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन विनीत नायर ने भेंट की। श्री विनीत नायर ने कहा कि उत्तराखण्ड में शिक्षा में सुधार के लिए 4,337 सरकारी स्कूलों में सम्पर्क टीवी स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम का विस्तार किया जायेगा। इससे प्रदेश के लगभग ढ़ाई लाख बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सम्पर्क फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। सरकार द्वारा शिक्षा में आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सम्पर्क फाउंडेशन द्वारा सरकारी



स्कूलों में बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित कोर्स पर शैक्षिक वीडियो के माध्यम से शानदार सामग्री तय की गई है। राज्य में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।इस दौरान श्री विनीत नायर ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत स्कूलों को सम्पर्क फाउंडेशन के द्वारा मुफ्त में 43-इंच टीवी सेट और टीवी डिवाइस (एंड्रॉइड सेट-अप बॉक्स और रिमोट प्रदान किया जा रहा है। डिवाइस में 1,000 घंटे की इंटरएक्टिव शैक्षिक सामग्री, 500 पाठ योजनाएं, खेल आधारित मूल्यांकन और कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए शैक्षिक वीडियो अपलोड किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह डिवाइस बिना इंटरनेट के काम करता है और केवल समय- समय पर सामग्री को अपडेट करने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता होती है। सम्पर्क फाउंडेशन वर्ष 2014 से उत्तराखण्ड के शिक्षा विभाग के साथ साझेदारी कर रहा है और इस कार्यक्रम के लिए 75 करोड़ का निवेश किया है। इस अवसर पर सचिव शिक्षा श्री रविनाथ रामन एवं अध्यक्ष सम्पर्क फाउंडेशन डॉ. राजेश्वर राव भी उपस्थित रहे।







# गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल चौक पर आयोजित श्री गणेश उत्सव के चौथे दिन गत सायं बाल कलाकारों द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय कर दिया गया और उन्होंने उपस्थित लोगों की खूब वाह वाही लूटी। इससे पूर्व विधिविधान से भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की गई। पं. भैरव दत्त शर्मा व गोलू पांण्डेय द्वारा कार्यक्रम के मुख्य जजमान प्रदीप सांगवाण, प्रियंका सांगवाण, मोहित अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, कुशल अग्रवाल आदि से पूजा अर्चना करवाई गई। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें महाभारत नाटक, कुमांऊनी डांस, गतका करतब, हरियाणवी डांस सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में कोलम्बस पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों व अन्य संस्थाओं के कलाकारों ने प्रतिभाग किया। अंत में आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अजय तिवारी, रवि अग्रवाल, अरूण टोंक, देव अरोरा, अनु अरोरा, भास्कर जोशी, हिमांशु शुक्ला, मनोज सक्सेना, संजय सिंघल, कुशल अग्रवाल, राजेश मिश्रा, हुडेकर, लाखन सिंह, शिवेन्द्र, अर्चना सिंह, मुकेश नारंग, रितू नारंग, प्रकाश भट्ट, कविश आहूजा, अनीता शर्मा, अमित लैन, अनुराधा जैन, हितेश पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार, राधिका, सार्थक, अनिरूद्ध जोशी, संजय सिंघल, मनोज सक्सेना, सोनू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीएस रावत, विक्रम सिंह राणा, हरविन्दर सिंह, धर्मदास शर्मा, जुगल किशोर ग्रोवर, अनूप सिंह, हिमांशु गुप्ता, विनय मिश्रा, रवि शरण, राजेश कुमार, भास्कर जोशी, मानवेन्द्र सिह, धनजंय सिंह, मिलिन्द होडेकर, राजेश मिश्रा, विनोद शर्मा, देव अरोरा, अनुज अरोरा, अरविन्द यादव, सोहन सिंहं , देवेन्द्र गंगवार, सजल सूद, संतोष रागोड़े, प्रवीण पंवार, विनोद प्रजापति, डीडी सत्यावली, हितेन्द्र कुमार, शिवेन्द्र नारायण शाही, रवि बोरा, दिवाकर दूबे, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

# पंडित गोविंद बल्लभ पंत के आदर्शों पर चलने का आहवान

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के शिशु मंदिर स्कूल सभागार में भारत रत्न प0 गोविंद बल्लभ पंत के 137वें जन्मदिन पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया







गया।कार्यक्रम के आयोजक संतोष गुप्ता रहे।वही कार्यक्रम का संचालन राकेश भुड्डी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया एवं युवा भाजपा नेता अतुल पांडेय सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी रविन्द्र बजाज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि लवली हुड़िया ने प0 गोविंद बल्लभ पंत के जीवन से शिक्षा ग्रहण करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा पंत जी के द्वारा अपना सम्पूर्ण जीवन देश हित मे समर्पित किया जिनके इस अतुल्य योगदान को भुलाया नही जा सकता।वही अतुल पांडेय ने कहा कि अपने देश के अमर सपूतों के जीवन से हमे पल पल कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।जिस से हमारा जीवन देश प्रेम के लिए समर्पित रहता है। मुख्य वक्ता रविन्द्र बजाज ने उपस्थित विद्यार्थियों व सामाजिक जन को भारत रत्न पंत के जीवन परिचय को बताते हुए कहा गोविंद बल्लभ पंत को देश के सबसे प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और एक कुशल प्रशासक के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने आधुनिक भारत के मौजूदा स्वरूप को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उन्होंने वर्ष 1937-1939 के बीच संयुक्त प्रांत के प्रीमियर, वर्ष 1946-1954 तक उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और वर्ष 1955-1961 तक केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्य किया उन्हें वर्ष 1957 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया था।गोविंद बल्लभ पंत दिसंबर 1921 में कॉन्ग्रेस में शामिल हुए और जल्द ही असहयोग आंदोलन का हिस्सा बन गए।वर्ष 1930 में गांधी जी के कार्यों से प्रेरित होकर 'नमक मार्च' का आयोजन करने के कारण उन्हें कैद कर लिया गया।वह उत्तर प्रदेश (तत्कालीन संयुक्त प्रांत) विधानसभा के लिये नैनीताल से 'स्वराजवादी पार्टी' के उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे।सरकार में रहते हुए उन्होंने जमींदारी प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से कई सुधार किये।वर्ष 1942 में उन्हें भारत छोड़ो प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिये गिरफ्तार किया गया और उन्होंने मार्च 1945 तक कॉन्ग्रेस कार्य समिति के अन्य सदस्यों के साथ अहमदनगर किले में कुल तीन वर्ष बिताए।अंततः पंडित नेहरू खराब स्वास्थ्य के आधार पर पंत जी को जेल से छुड़ाने में सफल रहे। कार्यक्रम के संयोजक संतोष गुप्ता ने आये अतिथियो का सम्मान करते हुए सभी का आभार प्रकट किया साथ ही कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा को दिखाने वाले लगभग 26 विध ालयो के बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विनोद भुसरी, अशोक हुड़िया, सुभाष गुम्बर, पंकज सेतिया, राजीव पपनेजा, नरेश हुड़िया,दीपक बेहड़, अभिषेक वर्मा, डॉ सोनू विश्वास, जसवीर चीमा, जुल्फेकार अली, अनिल जेटली, राहुल अनेजा, सन्दीप चावला,अश्वनी कुमार, सतीश मिड्डा, गौतम पपनेजा, सौरभ शर्मा, मनीष फुटेला,सतीश छाबड़ा, संतोष श्रीवास्तव,सचिन गुप्ता,रितिक गुप्ता, राजेश सक्सेना,अभिषेक वर्मा, मुनि भुसरी , सुरजीत सोनू सहित सैकड़ों लोग थे।

## सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने नए एआरओ का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला पूर्ति विभाग के नए पूर्ति निरीक्षक मलकीत सिंह का सस्ता गल्ला विक्रेता संघ ने उनके कार्यालय पहुंचकर स्वागत किया। सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बांगा 'काली', जिला कोषाध्यक्ष



रवि खुराना एवं नगर अध्यक्ष मदन लाल खन्ना के नेतृत्व में जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचे सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने गुलदस्ता भेंट कर पूर्ति निरीक्षक मलकीत सिंह का स्वागत किया और राशन डीलरों की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य रूप से नेट कनेक्टिविटी की समस्या उठाई गयी, जिसका एआरओ ने समाधान का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में रवि आर्य, नरेश सागर, सतीश शर्मा, मोनू गुप्ता, जसपाल सिंह, परमहंस हैप्पी, चन्द्रपाल, हरचरन, गोलू भंडारी, ज्ञानप्रकाश दूबे, रामावतार, अजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## बिंदल हुंडई शोरूम में लांच हुई नई अल्काजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा बाई पास रोड पर स्थित हुंडई कार के शोरूम बिंदल हुंडई में हुंडई की नई बहुप्रतीक्षित हुंडई अल्काजार को लॉंच किया गया। हुंडई की नई कार का अनावरण बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल एवं राजकुमार अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर इस कार के लॉंच के मौके पर बिंदल हुंडई के महाप्रबंधक राजीव अग्रवाल ने बताया कि बोल्ड नई हुंडई अल्काजार, 1.5 लीटर टर्बो जीडीआई पेट्रोल और 1.5 लीटर यू2 सीआरडीआई इंजन में उपलब्ध रहेगी, पेट्रोल वैरिएंट में इसकी कीमत 14,99,000 रुपये से और डीजल वैरिएंट में 15,99,000 रुपये से शुरू होती है। 6 और 7 सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध , बोल्ड नई हुंडई अल्काजार एक तीव्र,




शक्तिशाली और मजेदार ड्राइव प्रदर्शन प्रदान करती है। बोल्ड बाहरी डिजाइन सड़क पर कमांडिंग उपस्थिति के लिए व्यापक और लंबा रुख प्रदान करता है और इसका इंटीरियर केबिन एक शांत, हाई-टेक और आरामदायक एहसास प्रदान करता है। दूसरी पंक्ति में वेन्टीलेटेड सीटें, बढ़ी हुई कुशनिंग और बोलस्टरिंग सीटें, विंग टाइप हेडरेस्ट दिया गया है। बोल्ड नई हुंडई अल्काजार एनएफसी तकनीक के साथ डिजिटल की के साथ आती है, हुंडई अल्काजार स्मार्टसेंस लेवल 2एडीएएस जिसमें 19 विशेषताएं हैं जो ड्राइविंग सुरक्षा, सुविधा और पार्किंग सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, 70+ कुल सुरक्षा सुविधाएँ, जिनमें सराउंड व्यू मॉनिटर, 6 एयरबैग, रेन सेंसिंग वाइपर, हिल डिसेंट कंट्रोल, सभी चार डिस्क ब्रेक और बहुत कुछ शामिल हैं। इस गाड़ी में नए रोबस्ट एमराल्ड मैट सहित 9 आकर्षक रंग विकल्प उपलब्ध हैं। राजीव अग्रवाल ने बताया कि हुंडई ने वाजिब दाम में फिर से एक बहुत अच्छी गाड़ी दी है जिसकी कीमत 14 लाख 99 हजार रूपये से शुरू होती है। कार की लॉंचिंग के मौके पर बिंदल हुंडई से कनिष्क बिंदल, पार्थ बिंदल, सुरेश गुसाईं, अंकित गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी, मोहन बिष्ट एवम शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मनीष बेलवाल, मुकेश गोयल, नरेश कुमार चंदोला, रविंद्र कमल आदि मौजूद थे।

## रुद्रपुर की मुख्य रामलीला का मंचन एक अक्टूबर से

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की प्रमुख प्राचीन बस अड्डे वाली रामलीला के मंचन के लिए श्री रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य जुट गए हैं ।श्री रामलीला मंच पर इस बार ऐतिहासिक विकास कार्य कर भव्य व दिव्य स्वरूप दिया जा रहा है, दूसरी ओर श्री रामलीला कमेटी के सदस्य भी आम जनमानस के पास जा जाकर चंदा संग्रह कर रहे हैं जिसमें पूरे क्षेत्र की जनता द्वारा बहुत बड़े स्तर बढ़चढ़ पर सहयोग दिया जा रहा है। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि रुद्रपुर की गौरवशाली धार्मिक परंपराओं में विशेष स्थान रखने वाली श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ इस बार 1 अक्टूबर से होगा जिसमें प्रत्येक दिन बहुत ही सुंदर प्रभु श्री रामचंद्र जी की लीला का मंचन होगा। श्री राम लीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि समस्त जनता के सहयोग से इस वर्ष श्री रामलीला मंच एवं श्री रामलीला मैदान में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए



जा रहे हैं। श्री रामलीला मंच पर सभी दीवारों पर टाइल्स, फ्रंट गैलरी में मार्बल एवं समस्त पिलर्स पर मार्बल लगाया गया है। इसी के साथ एक एडिशनल शेड का भी निर्माण कराया गया है।श्री रामलीला मंच में सुरक्षा व्यवस्था हेतु लोहे का द्वार बनाने की प्रक्रिया गतिमान है ।श्री रामलीला मंच पर पूरी सीलिंग को बदलकर नई सीलिंग लगाई जा रही है ।श्री रामलीला कमेटी के समस्त सदस्यों के प्रयासों से एवं आम क्षेत्रीय जनता के द्वारा दिए गए चंदे रूपी आशीर्वाद से यह मंच बहुत ही भव्य बन चुका है। श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री विजय अरोड़ा ने आम जनमानस से अपील की कि श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों के दल के द्वारा रुद्रपुर नगर में चंदा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है । आपके द्वारा दिए गए चंदे से ही ऐतिहासिक रामलीला मैदान एवं राम लीला मंच का निर्माण एवं उसका आधुनिकरण किया जा रहा है, अतः आप सब आम जनता से भी यह अनुरोध है कि कमेटी के सदस्यों को अपनी आर्थिक क्षमतानुसार दान रूपी चंदा देकर इस महान कार्य में प्रतिभा व सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के कोऑर्डिनेटर नरेश शर्मा,कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, अमित अरोड़ा बॉबी, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोड़ा, विजय विरमानी,अमित चावला, आशीष मिड्डा एवं समाज सेवी सुशील गाबा मौजूद रहे।

## रेशम एक्सपो का जोशी ने किया शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिल्क मार्क एक्सपो का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ किकैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। राजपुर रोड स्थित होटल मधुबन में लगाए गए सिल्क मार्क एक्सपो में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक्सपो का शुभारंभ करते हुए कहा कि रेशम के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं , किसान व व्यापारी इससे अच्छा लाभ कमा सकते हैं उन्होंने कहा कि देश ही नही विदेशों में भी रेशम की बहुत मांग है रेशम की साड़ी व अन्य कपड़े निर्यात



किये जाते हैं इससे सरकार को भी विदेशी मुद्रा मिलती है । कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक रेशम फेडरेशन आनंद शुक्ला ,पूर्व अध्यक्ष रेशम फेडरेशन अजीत चौधरी , निदेशक रेशम प्रदीप कुमार ,सहायक निदेशक रेशम विनोद तिवारी ,प्रबंधन रेशम फेडरेशन मातवर कंडारी ,प्रासंगिक अधिकारी विनोद कुमार , दून सिल्क ब्रांड प्रमोटर गीतांजलि नेगी, टेक्सटाइल इंजीनियर अंकित खाती उपस्थित थे।

## संदिग्ध खालिस्तानी समर्थक की पुलिस और खूफिया विभाग ने की काउंसलिंग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खालिस्तानी समर्थक होने के संदेह में पकड़े गये युवक की पुलिस और खुफिया विभाग ने काउंसलिंग की। साथ ही उसका पुलिस एक्ट में चालान कर परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया। अब पुलिस और खुफिया विभाग उस पर नजर रखेगी और उसका मोबाइल भी सर्विलांस में रहेगा। काशीपुर रोड स्थित रेव सिनेमा में इर्मेजेंसी फिल्म को दो सितंबर को पोस्टर फाड़ दिया गया था। इसकी वीडियो इंटरनेट मीडिया के जरिए पुलिस तक पहुंची तो जांच शुरू कर दी गई थी।

### पकड़े गये युवक का पुलिस एक्ट में किया गया चालान

साथ ही पोस्टर फाड़ने वाले युवक की पहचान कर पुलिस ने मंगलवार को उसे काशीपुर रोड से पकड़ लिया था। पूछताछ में उसने बताया कि वह बरेली, बहेड़ी के चचेट का रहने वाला है और रुद्रपुर में ठंडई बेचने का काम करता है। उसकी बाइक में खालिस्तान लिखा हुआ था। जिस पर पुलिस उसे कोतवाली ले आई थी। बाद में एसएसपी मणिकांत मिश्रा सहित पुलिस अधिकारियों और खुफिया विभाग के साथ ही आईबी ने पूछताछ कर उसका मोबाइल खंगाला था। कई घंटे हुई पूछताछ के बाद उसकी काउंसलिंग की गई और पुलिस एक्ट में चालान किया गया। साथ ही पुलिस और खुफिया विभाग को उस पर नजर रखने के एसएसपी ने निर्देश दिए है। मामले में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि पकड़े गये संदिग्ध युवक का पुलिस एक्ट में चालान कर पुलिस और खुफिया विभाग पर उस पर नजर रखने और उसका मोबाइल को सर्विलेंस के जरिए नजर रखने के आदेश दिए गए हैं।

## लेफ्टिनेंट बनने पर मीनाक्षी पाण्डेय का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य योगिता बनोला के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से हल्द्वानी आवास विकास निवासी मीनाक्षी पाण्डेय के लेफ्टिनेंट बनने पर संस्था पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र पहनकर भगवान



गणेश जी की प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, सदस्य पूर्णिमा रजवार ने संयुक्त रूप से कहा कि सीडीएस 2023 की परीक्षा में उत्तीर्ण रही मीनाक्षी पाण्डेय मध्यम वर्ग परिवार से निकलकर अपनी कठिन परिश्रम लगन और मेहनत की बदौलत लेफ्टिनेंट बनकर उत्तराखंड का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस दौरान स्वागत करने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, योगिता बनोला, पूर्णिमा रजवार, रॉबिन भारती, विमला पाण्डेय, सीमा सिंह, बच्ची सिंह, उज्जवल पाण्डेय, रोहतास प्रजापति, अमन कुमार, सूरज मिस्त्री, सुशील राय, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दक्षेस की निष्क्रियता

कुछ वर्ष पहले तक दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी दक्षेस या सार्क के तहत इसमें शामिल देशों के बीच आपसी साझेदारी से लेकर वैश्विक मसलों पर रुख तय करने की समझ बनती थी। मगर पिछले कुछ वर्षों के दौरान दक्षिण एशियाई देशों के बीच कूटनीतिक और अन्य मसलों पर जैसे हालात पैदा हुए हैं, उसमें धीरे–धीरे एक तरह की अघोषित दूरी बनती गई। नतीजा यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले उतार–चढ़ाव में एक अहम भूमिका निभाने वाला दक्षेस करीब एक दशक से निष्क्रिय पड़ा हुआ है।समस्या यह पैदा हुई है कि इसमें शामिल देशों में अगर कोई बड़ी समस्या भी खड़ी हो जाती है तो अब आपसी सहभागिता से कोई हल निकालने या उसमें मदद करने की गुंजाइश लगभग ठप पड़ गई है। जबकि पड़ोसी देशों के बीच अच्छे संबंध या कूटनीतिक स्तर पर एक परिपक्व समझदारी कायम हो, तो किसी जटिल समस्या के समाधान की राह खोजने में मदद मिलती है।शायद इसी को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश में व्यापक उथल–पुथल के बाद गठित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकालने का रास्ता आसान हो जाएगा। इस क्षेत्रीय समूह में भारत और बांग्लादेश के साथ–साथ अफगानिस्तान, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। पहले इसकी बैठकों में इन देशों में उपजी समस्याओं और उनकी जटिलताओं पर बातचीत होती थी। मगर इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का असर इस संगठन पर भी पड़ा और दक्षेस की बैठक एक तरह से ठप पड़ गई। दक्षेस को फिर से जिंदा करने की बांग्लादेश की ताजा इच्छा से इतर पिछले कुछ समय से नेपाल भी इसे सक्रिय करने की कोशिश कर रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि क्षेत्रीय स्तर पर उभरने वाली परिस्थितियों के हल में दक्षेस की मजबूत भूमिका हो सकती है, क्योंकि संवाद और विमर्श किसी समस्या के हल का सबसे कारगर औजार होता है। नए बनते वैश्विक हालात में दक्षेस को पुनर्जीवित करना निस्संदेह वक्त की जरूरत है।

# जीवन को आध्यात्म से जोड़ती है भागवत कथा: चुघ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के मुक्ति के मार्ग खुल जाते हैं ऐसे में भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ बीती रात वार्ड नंबर 24 रमपुरा पहुंचे। जहां उन्होंने दुर्गा मंदिर में आयोजित भागवत कथा का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की सभी लोगों को आध्यात्म से जुड़ना चाहिए क्योंकि धर्म का साथ देने से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है उन्होंने कहा भागवत कथा मनुष्य के जीवन में आध्यात्म को जोड़ती है। सांसारिक कार्यों के साथ–साथ मनुष्य को धर्म के प्रति भी आस्था रखनी चाहिए। इस दौरान वहां पहुंचे कथा वाचक ने भागवत कथा का सार बताया कि किस प्रकार असत्य पर सत्य की जीत होती है और अधर्म पर धर्म विजय प्राप्त करता है।उन्होंने कहा कि सदैव सत्य का साथ देना चाहिए और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान राज कोली शिवकरण कोली हिम्मत राम कोली रोहित कोली चंद्रा देवी , माया रानी, पार्वती, बीना ,लक्ष्मी, शांति, उर्मिला ,कुसुम ,भूरी, सरोज, जमुना ,कमला, कमलेश, आशा समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद थे।





# निशा शर्मा श्री बालाजी सेना की मंडल अध्यक्ष मनोनीत



काशीपुर( उद संवाददाता)। श्री बालाजी सेना ( भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकमल रस्तोगी ने काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी निशा शर्मा को संगठन के प्रति उनकी रुचि, उनकी हिंदू विचारधारा एवं समर्पण को देखते हुए महिला मोर्चा का कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़ी निशा शर्मा से संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकमल रस्तोगी ने स्पष्ट किया कि संगठन पूरी तरह समाज सेवा को समर्पित है। जारी मनोनयन पत्र में उन्होंने यह भी बताया कि यह संगठन सनातन संस्कृति के पद्धत पर चलकर राष्ट्र की सतत सेवा करता रहेगा। उधर महिला मोर्चा की मनोनीत कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष निशा शर्मा ने कहा कि संगठन की अपेक्षाओं पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। मनोनयन के बाद से महिला मोर्चा की कुमाऊं मंडल अध्यक्ष को बधाई देने वालों का तांता लगा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
इन्वर्टर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई गई पन्त जयंती

बागेश्वर/अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की 137 वीं जन्म जयंती अल्मोड़ा नगर में धूम धाम से मनाई गई। इस दौरान नंदा देवी मंदिर प्रांगण से मुख्य बाजार होते हुए प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमे जनपद के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों सहित अन्य ने भी प्रतिभाग किया। प्रभात फेरी का आयोजन मॉल रोड स्थित पंत पार्क तक किया गया पंत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें ऐसे जनपद में तैनाती मिली जहां से जीबी पंत जी के जैसे महान नेताओं ने देश की राजनीति एवं स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा देश हित में कार्य किए। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा सांस्कृतिक गौरव के साथ साथ राजनैतिक चेतना के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां जन्मे बहुत से प्रबुद्ध लोगों ने देश की राजनीति को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज हमें उन सभी महापुरुषों से सीखने को जरूरत है, उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस दौरान विधायक मनोज तिवारी, एसएसपी देवेंद्र पींचा, निवर्तमान अध्यक्ष नगरपालिका प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा समेत अन्य गणमान्यों ने भी अपने अपने विचार रखे तथा स्व0 पंत जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। **बागेश्वर**–जिले में स्व.पं.गोविंद बल्लभ पंत की 137वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिला मुख्यालय में पीडब्ल्यूडी तिराहे पर स्थापित पंत जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद जिलाधिकारी ने भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत समारोह समिति द्वारा पन्त चौक बाजार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण कर याद किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर आर घोड़के ने पुलिस कार्यालय मेंऔर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन परिसर में पंत जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने पं.गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए नमन किया। और उनके जीवनी और कृत्य पर प्रकाश डालते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि पंत जी भारत रत्न,महान स्वतंत्रता सेनानी,कुशल प्रशासक,सफल वक्ता,तर्क के धनी थे। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं.गोविंद बल्लभ पंत प्रबुद्ध वर्ग के प्रबल मार्गदर्शक रहें। उन्होंने कहा कि पं.गोविंद बल्लभ पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगार प्रथा,कृषि सुधारों तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में उनकी अग्रणीय भूमिका रही थी। बागेश्वर विधायक पार्वती दास ने अपने सम्बोधन में पं.गोविंद बल्लभ पंत जी को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने समारोह समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों,गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिलाधिकारी,एसपी और विधायक ने कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयोंकी छात्राओंद्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति देने पर उन्हें पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर एसपी चंद्रशेखर आर घोडके, सीडीओ आरसी तिवारी,एसडीएम मोनिका, सीओ अंकित कंडारी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, कार्यक्रम के संयोजक गोविंद सिंह भंडारी,सीनियर सिटीजन दलीप सिंह खेतवाल,नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, रवि करायत,नरेंद्र खेतवाल, प्रेम सिंह हरड़िया, हरीश सोनी, जयंत सिंह भाकुनी, रेडक्रॉस चेयरमैन संजय साह जगाती, वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा, केवलानंद कांडपाल आदि मौजूद थे।









# जयंती पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती कलेक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास से मनाई गई। पंत जी की जयंती के उपलक्ष्य पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री सिंह ने कहा कि पंत जी का पूरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित रहा उन्होंने अपने दृढ़ प्रयासों से अधुनिक भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पंत जी अविभाजित उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री तो थे ही साथ ही वे भारत के गृहमंत्री भी रहे है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1937 में वे संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री भी रहे। स्वतंत्रता सेनानी पंत जी का देश को आजाद कराने में व उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड के निर्माण में उनका योगदान व महत्वपूर्ण भूमिका रही है साथ ही तराई के उत्थान में भी उनकी विशेष भूमिका रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज कृषि, औद्योगिक आदि क्षेत्रों में विकास उनकी विकासवादी परिकल्पना को साकार करता है। उन्होंने बाजपुर चीनी मिल का उदाहरण देते हुए बताया कि किसानों का विकास उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि पंत जी के जन्मदिवस पर यह प्रण ले कि हम अपने दायित्वों को पूर्ण लगन व दृढ़ता से निभाएं, उनके द्वारा दर्शाये गये महान आदर्शों को कार्यरूप में परिणित करने का संकल्प लें, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जयंती समारोह में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे व कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



# श्रीमद् भागवत कथा मोक्ष प्राप्ति का साधन: मीना

रूदपुर( उद संवाददाता)। दुर्गा मंदिर रम्पुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने पहुंचकर कथा श्रवण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।यहां श्रीमती शर्मा ने दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की, और श्रीमद् भागवत कथा महापुराण पर पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने कथा व्यास विपिन बिहारी शास्त्री जी को फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया, यहां श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मोक्ष प्राप्ति का साधन है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है,उन्होंने आयोजक महिला समिति भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला समिति द्वारा किया गए कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। इस अवसर पर परीक्षित के रूप में बनारसी दास कोली, अध्यक्ष चंद्रकली कोली, सरोज रानी, माया देवी, हिम्मत राम कोली, दिया राम कोली,पंकज कोली, राम लड़ैती,पुष्पा देवी, किरण, माया, दुर्गावती, सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



# कुमाऊं मंडल में 655305 उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगेंगे

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 6749 लोगों ने आवेदन किया

नैनीताल(उद संवाददाता)। आयुक्त/ सचिव सीएम दीपक रावत ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में मंडल के पिटकुल, विद्युत और उरेड़ा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कुमाऊं मंडल में कॉलोनी डेवलप करने वाले बिल्डर को कॉलोनी में सबस्टेशन के लिए 500 वर्ग मीटर लैंड रखना अनिवार्य होगा। इससे बड़ी कॉलोनी डेवलप होने के बाद सब स्टेशन बनने के लिए सरकारी विभागों को जमीन खोजने की कशमकश में समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। साथ ही सरकार पर सरकारी भूमि का भार भी कम होगा। आयुक्त ने विद्युत विभाग को इसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कुमाऊं मंडल में 655305 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगेंगे। कुमाऊं में कार्यदाई संस्था सितंबर 2024 के तीसरे हफ्ते से कार्य शुरू करके जून 2026 तक पूरा कर देगी। आने वाले समय में स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी घटेगी और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। स्मार्ट मीटर लगाने और मेंटेनेंस के लिए 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट है, जो कि 06 मार्च 2024 को हुआ है। जिसके अंदर 27 माह में मीटर को लगाने और 93 माह का अनुरक्षण का कार्य है। कुमाऊं मंडल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 6749 आवेदको ने आवेदन किया। जिसके सापेक्ष 1438 उपभोक्ताओं के यहां सोलर प्लांट लग



चुके हैं। इस योजना के तहत 03 किलोवॉट प्लांट में लगभग 1 लाख 36 हजार का खर्चा आता है जिसमें केंद्र से 85 हजार और राज्य सरकार 51 हजार की सब्सिडी भी देती है। उपभोक्ता की बिजली खपत के बाद जितनी यूनिट एक्सेस/बचती है उन यूनिट को यूपीसीएल 5 रुपए 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से उपभोक्ता को रिफंड करता है। pmsuryaghar-gov-in पोर्टल में जाकर उपभोक्ता आवेदन कर योजना का लाभ ले सकता है। सारी स्कीम, सब्सिडी की जानकारी पोर्टल में है। आयुक्त ने विद्युत विभाग को एटी एंड सी लॉस यानी ऊर्जा और कमर्शियल नुकसान को 12 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिए। मार्च 2024 में कुमाऊँ का ए टी एंड सी लॉस 12.47 प्रतिशत रहा है किंतु कई डिविजन का औसतन से अधिक नुकसान है जिसको कम किए जाने के भी निर्देश दिए।जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत विभाग को कुमाऊं मंडल में 630 विद्युत कनेक्शन देने थे। जिसके सापेक्ष पेयजल विभाग ने 521 संयोजन की ही धनराशि जमा की और 416 योजनाओं में कनेक्शन हुए। आयुक्त ने कहा कि बिजली कनेक्शन के कारण लंबित योजनाओं में पेयजल विभाग विद्युत विभाग को तत्काल धनराशि जमा करे जिससे यथा शीघ्र कनेक्शन मिले। साथ ही कई जगह बोरिंग फेल होने का कारण भी योजनाओं में देरी हुई है इसके लिए पेयजल विभाग स्थल चिन्हित करते हुए विद्युत विभाग को बताए। बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत हल्द्वानी अतुल गर्ब्याल, रुद्रपुर नरेंद्र सिंह टोलिया, पिटकुल हितेंद्र सिंह हयांकी, एडीबी डी सी पांडेय, संयुक्त निदेशक राजेंद्र तिवारी, एस ई विद्युत नवीन मिश्रा, परियोजना अधिकारी उरेड़ा नैनीताल एस आर गौतम, चंपावत डी एस पटवाल, यू एस एन डी एस पटवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने लिया समस्याओं का संज्ञान नामती चेटाबगड़ पहुंची घरेलू गैस

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने नामती चेटाबगड़ सड़क मार्ग के अवरुद्ध होने से घरेलू गैस की आपूर्ति नही होने और कपकोट नगर पंचायत के ट्रेंचिंग ग्राउंड में सफाई व्यवस्था नही होने का संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल गांव में घरेलू गैस की आपूर्ति वैकल्पिक मार्ग से कराने एवं ईओ नगर पंचायत कपकोट को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का तुरंत समाधान के लिए अधिकारी तत्परता से काम करें। अवरुद्ध



सड़क मार्गों को तेजी के साथ सुचारू करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निध ारित समय अवधि में काम पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए है। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन द्वारा अवगत कराया गया है कि गांव में घरेलू गैस आज शाम तक पहुंच गई है। ग्रामीणों को गैस आवंटित की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि गांव को जोड़ने वाला ग्रामीण सड़क मार्ग बंद है,जिस कारण गैस की आपूर्ति नही हो पाई थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पड़ोसी जनपद पिथौरागढ़ के थल से घरेलू गैस उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों की आवश्यकता अनुसार घरेलू गैस वितरित की जा चुकी है। वहीं कपकोट में नगर पंचायत द्वारा ट्रेचिंग ग्राउंड की सफाई व्यवस्था भी दुरस्त कर ली गई है।

# पुलिस ने तीन हजार सत्यापन किए, कई लोगों के काटे चालान

## सत्यापन अभियान के तहत पुलभट्टा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बढ़ रही अपराधिक घटनाओं के मद्देजर पुलिस एक्शन मोड में आ चुकी है। इसी के तहत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सिरौली क्षेत्र के अलावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले गांवों में सत्यापन करना शुरू कर दिया है जिसके तहत गत दिवस सत्यापन की कार्रवाई में दर्जनों लोगों के पास सत्यापन हेतु उनका कोई पहचान पत्र उपलब्ध नहीं था। अपराधियों पर नकल करने के लिए पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड देहरादून के द्वारा उत्तराखण्ड मे हो रहे डेमोग्राफीक चेन्ज के दृष्टिगत अवैध रूप से निवासरत लोगो के विरूद्ध सत्यापन कर प्रभावी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए, जिस क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिह नगर मणिकान्त मिश्रा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियो को उक्त के क्रम मे प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे । उक्त आदेश के अनुपालन मे पुलिस क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट पुलभट्टा की टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सिरौलीकला मे वृहद स्तर पर सत्यापन की कार्यवाही चलाते हुए करीब 3000 लोगों का सत्यापन किया गया । सत्यापन अभियान के तहत





पुलभट्टा थाने द्वारा कुल 16 व्यक्तियो के 83 पुलिस एक्ट के तहत 160000 रूपये कोर्ट चालान तथा 81 पुलिस एक्ट के तहत 66 चालान कर 16500 जुर्माना वसूला गया । सत्यापन अभियान में क्षेत्राधिकारी सितारगंज बहादुर सिह चौहान,थानाध्यक्ष रविन्द्र सिह विष्ट ,वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमेश कुमार ,उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक हेम चन्द तिवारी, उपनिरीक्षक धीरज वर्मा , महिला उपनिरीक्षक रिनि चौहान, उपनिरीक्षक मनोज कुमार,अपर उपनिरीक्षक प्रताप सुयाल, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द,अपर उपनिरीक्षक महेश चन्द,मुख्य आरक्षी/ आरक्षी के अलावा एक प्लाटून पी ए सी भी थी।

# गोगामेडी और खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जत्था रवाना

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौली से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का एक जत्था गोगा मेडी व खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री नितिन चरन ने भक्तो की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ भगवान से सभी भक्तो की मंगल यात्रा की कामना की। गोगामेडी वह खाटू श्याम जी के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के उपरांत नितिन चरण वाल्मीकि ने कहा कि श्री श्याम खाटू सभी भक्तों की यात्रा को सफल बनाएं तथा श्री श्याम खाटू जी क्षेत्र की जनता पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। इस मौके पर गुरु विशन स्वरूप,कल्लू चरन,विनोद कुमार,कैलाश वाल्मीकि, भाजपा महिला मोर्चा मंडल मंत्री प्रियंका वाल्मीकि,अरुण कुमार, सचिन चरन, राजा वाल्मीकि, सूरज वाल्मीकि, राजेश वाल्मीकि,रवि वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि,अजय कुमार, गेंदन लाल, अर्जुन वाल्मीकि, अनमोल, धर्मेंद्र, रेखा, रागिनी, सोनी, नीतू आदि लोग उपस्थित रहे।





# रूद्रपुर में पुलिस कर्मियों ने चलाया ताबड़तोड़ वाहन चैकिंग अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में जब से एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कार्यभार संम्भालकर क्षेत्र में पुलिस कार्यप्रणाली का धरातल पर निरीक्षण शुरू किया है उससे सभी पुलिस कर्मियों में उनका खौफ बना हुआ है और वह रात्रि में चौकी थानों से बाहर निकल कर अभियान चलाये हुए हैं। ऐसा ही नजारा गत रात्रि किच्छा रोड़ पर देखने को मिला जहां रम्पुरा चौकी के पुलिस कर्मी मध्य रात्रि में मुख्य मार्ग पर चौकी के सामने वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। जो भी वाहन ओवर लोड, ओवर स्पीड़, ओवर हाईट या फिर तेज गति से आता दिखाई देता था या



जिसमें प्रेशर हार्न का उपयोग किया जा रहा था उसे रोक कर उसका चालान कर रहे थे या फिर वाहन को सीज किया जा रहा था। बताया जाता है कि अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग 8 वाहनों को सीज किया है। चौकी पुलिस का कहना है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इसके पीछे एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि एसएसपी श्री मिश्रा ने जनपद के सभी पुलिस कर्मियों को अपराध ों पर नियंत्रण के लिए रात्रि में व्यापक स्तर पर चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। वहीं बाहरी लोगों का शत प्रतिशत सत्यापन करने को भी कहा है। इतना ही नहीं महिला अपराधों के आरोपियों और नशे के कारोबार में लगे लोगों को सलाखों के पीछे धकेलने के निर्देश दिये हैं। जिससे पुलिस महकमें में हड़कम्प मचा हुआ हैं।

## पेज एक का शेष...

**कार की टक्कर से ..**पर सवार होकर वापस देवरनिया लौट रहा था। अभी वह ग्राम बरा में चौकी के पास पहुंचा था कि पीछे की ओर से तेज गति से अनियंत्रित होकर आती कार संख्या यूके 19 ए 4559 के चालक ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार साजिद व शराफत गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिए किच्छा चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने साजिद को मृत घोषित कर दिया जबकि शराफत की हालत गंभीर देखते हुए उसे रैफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए पहले भोजीपुरा और फिर बरेली ले गये जहां रात्रि में शराफत ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस बीच मौके पर पहुंचा मृतक साजिद का साथी रुबेज गश खाकर गिर गया। उसे भी स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया। इसी घटना के तुरंत बाद कार ने दूसरी बाइक पर जा रहे जयेन्द्र पुत्र रामलाल निवासी ग्राम नदेली बहेड़ी और राजपाल पुत्र सूरज पाल निवासी ग्राम नदेली बहेड़ी को भी टक्कर मार दी। वह दोनों मेहनत मजदूरी कर घर वापस जा रहे थे। दोनों को गंभीर हालत में किच्छा स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें रैफर कर दिया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक साजिद के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जबकि शराफत का शव बरेली से परिजन अपने घर ले गये। लोगों का कहना है कि कार चालक घटना के समय नशे की हालत में था। जो लालपुर निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया है। मृतक साजिद के चार भाई व चार बहनें हैं जबकि मृतक शराफत तीन भाईयों में सबसे छोटा था। उसकी दो बहनें हैं। शराफत के पिता खेती का काम करते हैं। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

**पांच साल की छात्रा से ...**का घेराव कररेंगे। इस दौरान कोतवाल उमेश मलिक ने लोगों को समझाया कि पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। सीसीटीवी के माध्यम से आरोपित की पहचान की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**शिकयत पर पुलिस ने...**लगे। जिसका वीडियों शोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के धमकाने के बाद आयोजकों ने बिना आरती के ही जागरण समाप्त कर दिया। जागरण में पुलिस की कार्यवाही से लोगों में खासा रोश है। क्षेत्रवासी मामले को लेकर उच्चधिकारी से मिलकर पुलिस की कार्यप्रणाली की शिकायत करने की बात कह रहें है। इधर हल्का दरोगा शंकर सिंह विष्ट का कहना था कि डीजे बजने की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

**तीन किलो चरस...**कार चालक को रोक कर कार की तलाशी ली तो उसमें 3 किलो 14 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नन्दन सिंह निवासी बेड़ीचुला नैनीताल बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'केदारनाथ-विजय' के लिए भाजपा-कांग्रेस की 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' शुरू

## भाजपा द्वारा केदारनाथ विधानसभा के सभी मंडलों का प्रभारी मंत्रियों को बनाए जाने के बाद सक्रिय हुई कांग्रेस, आनन- फानन संपन्न हुई प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की वर्चुअल बैठक, कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ तैयार की रणनीति

-अर्श-

देहरादून। भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन से रिक्त हुई केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की आधिकारिक घोषणा अभी भले ही ना हुई हो, लेकिन केदारनाथ विधानसभा सीट को हथिआने के लिए सूबे के दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा और कांग्रेस के बीच तू डाल डाल मैं पात- पात का खेल, उपचुनाव के ऐलान के पूर्व ही आरंभ हो गया है ।बद्रीनाथ एवं मंगलौर उपचुनाव की जीत से उत्साहित कांग्रेस जहां भाजपा को केदारनाथ में पटकनी देने के लिए हर जतन करने में जुटी है, वहीं केदारनाथ सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना भाजपा के लिए नाक का सवाल है, क्योंकि यह विधानसभा सीट भाजपा विधायक के निधन से खाली हुई है ।ऐसे में भाजपा इस सीट को गंवाना हरगिज नहीं गवारा कर सकती। लिहाजा भाजपा ने उपचुनाव की तारीखों के ऐलान के पूर्व ही अपनी सांगठनिक एवं रणनीतिक तैयारी को धार देना आरंभ कर दिया है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश संगठन से लेकर सरकार तक ने अपनी ताकत झोंकनी आरंभ कर दी है । इस क्रम में मानसून में आई आपदा के जख्मों पर राहत का मरहम लगाने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जहां एक ओर प्रभावित व्यापारियों के लिए नौ करोड़ रुपये के पैकेज जारी कराया है, तो दूसरी ओर संगठन ने भी सरकार के पांच प्रमुख मंत्रियों सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा और रेखा आर्य को केदारनाथ विधानसभा के प्रत्येक मंडल की जिम्मेदारी सौंपी दी है । इन मंत्रियों को आचार संहिता लागू होने से पहले पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर मंडल स्तर पर स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें पार्टी के पक्ष में वोट करने के लिए



प्रेरित करना है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार मोर्चे पर उतर कर उत्तराखंड सरकार के उक्त मंत्री जल्द ही मंडल स्तर पर जन संवाद और बैठकें शुरू करेंगे तथा प्रदेश में चल रहे सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ेंगे ।भट्ट ने प्रत्येक विधायक को उसी विधानसभा में लोकसभा चुनाव में मिले कुल प्राप्त वोटों को सदस्यता में तब्दील करने का भी टॉस्क दिया है।चूंकि शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ सीट खाली है, इसलिए इस सीट पर वोटों को सदस्यता में बदलने का जिम्मा मंत्रियों से लेकर पार्टी पदाधिकारियों के कंधों पर होगा ।भाजपा की चुनावी तैयारी आरंभ के बाद कांग्रेस भला हाथ पैर हाथ धरे कैसे बैठी रह सकती थी? सो ,पीसीसी से लेकर एआईसीसी तक ने अपना पूरा फोकस केदारनाथ चुनाव पर कर दिया है और अब कांग्रेस इस उपचुनाव में माहौल बनाने के लिए केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा आगामी 12 सितंबर से दोबारा शुरू करने की तैयारी में है। साथ ही पार्टी केदारनाथ क्षेत्र के आपदा प्रभावित लोगों की समस्याओं को भी मुद्दा बनाने की कोशिशें में जुट गई है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रभारी एवं पर्यवेक्षकों की सूची भी तैयार करना आरंभ कर दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार तैयार की जा रही सूची में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं विधायकों पूर्व विधायकों एवं पदाधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप जाएगी। इस सूची को समन्वय में समिति की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। इस सिलसिले में प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की पहली वर्चुअल बैठक गुजरे शुक्रवार को होने के बाद, अब कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा का देहरादून पहुंचना भी हो चुका है। खबर को अंतिम रूप दिए जाने तक सह प्रभारी शर्मा एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित उत्तराखंड की सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केदारनाथ फतह तथा प्रस्तावित नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस की उज्जवल संभावनाओं की रणनीति तैयार करने में जुटे हुए थे।

# गणेश महोत्सव में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समाजसेवी संजय ठुकराल ने बीती शाम सिडकुल में आयोजित गणेश महोत्स, गांधी कालोनी स्थित वैष्णो मंदिर, सिद्धि ठुकराल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सिडकुल में आयोजित गणेश महोत्सव में स्कूली बच्चों ने धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया। वैष्णो मंदिर आयोजित महोत्सव पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द्र और भाईचारा बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में विभिन्न पर्व और त्यौहारों का विशेष महत्व है। धार्मिक पर्व हमें अलग संदेश देते हैं और सही राह पर चलने की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश जी को प्रथम पूजनीय माना जाता है। उन्हें विघ्न हर्ता भी माना जाता है। उनकी पूजा अर्चना से सभी तरह के विघ्न दूर होते हैं।



विनायक गणेश मंदिर और अतिरिक्त सुभाष कालोनी स्थित मां शीतला मंदिर में आयोजित गोश महोत्सव में प्रतिभाग कर पूजा अर्चना की आयोजित सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस दौरान आयोजकों ने में मां दुर्गा व महिसासुर संग्राम की लीला ने मंत्रमुग्ध कर दिया। सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में श्याम खाटू श्याम जी के दरबार में श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। वहीं मां शीतला मंदिर में धार्मिक झांकियों ने मन मोह लिया। इस अवसर इस अवसर पर कुशल अग्रवाल, सुल्तान सिंह, राजकुमार भुसरी, राजकुमार चावला, ललित सिंह बिष्ट, हैप्पी चौहान, अजय नारायण, अशोक राजपूत, गगन ग्रोवर, बंटी कोली, सुदीप ठाकुर, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# क्रय विक्रय समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य सहकारी संस्थाओं के लिए संशोधित नई नियमावली के अनुपालन हेतु किच्छा क्रय विक्रय समिति के सदस्यों की आवश्यक बैठक प्रशासक की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें सहकारी समितियां उत्तराखंड देहरादून के निबंधक द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में प्रस्ताव पास किया गया कि समिति के सदस्यों का सदस्यता शुल्क पूर्ववत रहेगा जबकि अंश में नौ सौ रुपए की वृद्धि कर एक हजार किया गया। सभी सदस्यों को अंश वृद्धि को जमा कर स्थाई सदस्यता बनाए रखनी होगी।इसके अलावा नए सदस्यों को सदस्य बनने के लिए नए आदेशों के अनुसार ही सदस्यता प्रदान की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्य प्रताप सिंह धानक एवं बिशन सिंह मेहरा द्वारा समिति के सदस्यों से आवाहन किया गया कि वह अपना अंश जमा करके समिति की स्थाई सदस्यता बरकरार रखें तथा समिति के संचालन में सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि सहकारी समितियां उत्तराखंड में सरकार द्वारा समितियां के सदस्यों की अंश वृद्धि के आदेश निर्गत किए गए हैं जिसमें अंश वृद्धि सौ रुपए से बड़ा कर1000 रू कर दी गई है जिस वजह से



समितियां को अब सदस्यों की अंश वृद्धि जमा करा कर समितियां को सुचारू रूप से चलाना निश्चित करना है। उक्त अंश वृद्धि निबंध आलोक कुमार पांडे की आदेश के अनुपालन में की जा रही है बैठक का संचालन समिति के सचिव नवल शर्मा द्वारा किया गया तथा समिति की अध्यक्षता प्रशासक राजेंद्र कुमार द्वारा की गई जिसमें समिति के सचिव नवल किशोर शर्मा ने क्षेत्र के सभी अंशधारकों से अपील की है कि वह अपने सदस्यता को बनाए रखने हेतु अंश में की गई वृद्धि को समिति के संचालन में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूरनलाल, शेर सिंह लइक अहमद, वेद प्रकाश, संजय सिंह, देव सिंह कोरंगा आदि लोग उपस्थित थे।

# पोषण जागरूकता वैन को दिखाई हरी झण्डी

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी राष्ट्रीय पोषण माह पर 3 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता अभियान की शुरुआत करेंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल रुद्रपुर में पोषण पर जागरूकता अभियान चला रहा है। कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने बताया कि पोषण के बारे में जागरुक करने के लिए एक मल्टी मीडिया वैन चलाई जा रही है जिसका उद्घाटन उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर गीता खन्ना ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने बताया कि वैन के जरिये वीडियो संदेश दिखाए जा रहे हैं, साथ ही प्रचार साहित्य भी बांटा जा रहा है। युवा भवन में तीन दिन तक हो रहे कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अजय भट्ट पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द



पाण्डेय, विधायक शिव अरोड़ा, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ ही गोद भराई और पोषण पर अच्छा काम कर रहे कार्मिकों को सम्मानित भी करेंगी। केंद्रीय संचार ब्यूरो की श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने बताया कि तीनों दिन स्वास्थ्य विभाग कि तरफ से हेल्थ और पोषण कैंप लग रहे हैं. विषय विशेषज्ञ पोषण पर विशेष व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ दीपा जोशी ने बताया कि तीनों दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को मनोरंजक तरीके से पोषण के प्रति जागरूक किया जायेगा। साल 2018 से शुरू हुए पोषण माह का का सातवां संस्करण है। इस साल के पोषण माह की थीम सुपोषित किशोरी, सशक्त नारी है।

# पूर्व सभासद पर लगाया पद के दुरूपयोग का आरोप

गूलरभोज (उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक के निवर्तमान सभासद ने वार्ड 2 के पूर्व सभासद पर पद का दुरुपयोग करने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर प्रमाण पत्र जारी करने व अपात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की है। वार्ड एक के निवर्तमान सभासद रमेश कुमार ने डीएम को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अपने चाहतों को दिलाने के लिए सभासद ने फर्जी प्रमाण पत्र को उपयोग किया है कुछ मामलों में अपने वार्ड के अलावा अन्य वार्डो के व्यक्तियों के प्रमाण पत्र जारी किए गए वही वार्ड दो के सभासद सतीश चुघ की ओर से वार्ड एक नई बस्ती गूलरभोज निवासी सुंदर सिंह को निकाय में कोई भी ग्रहकर जमा नहीं करने संबंधी करने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जो नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी की ओर से ही जारी किया जाता है। निवर्तमान सभासद ने डीएम को शिकायत पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वार्ड 2 के निवर्तमान सभासद सतीश चुघ ने कहा है कि वह जन प्रतिनिधि हैं । उनके नगर पंचायत का कोई भी व्यक्ति जिसे वह जानता है उसकी पहचान को प्रमाणित करना उनके अधिकार में आता है। यह कोई अपराध नहीं है किसी को भी कागज पर आपत्ति हो तो वह विभाग को होनी चाहिए।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000